# भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

**National Highways Authority of India**

(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)

**परियोजना कार्यान्वयन इकाई, बरेली**

**Project Implementation Unit, Bareilly**

**26, ग्रीन पार्क, बीसलपुर रोड, बरेली – 243006 (उ.प्र.)**

**26, Green Park, Beesalpur Road, Bareilly - 243006 (U.P.)**

फोन/Tel. : +91-581-2523752, ई.मेल E-mail : bareilly@nhai.org, piubareilly@gmail.com वेब : www.nhai.org


19003/3/FORST-PKG-2/01/2021/पी.आई.यू/बरेली/ 16882 17.11.2022

सेवा में,

**प्रभागीय निदेशक**
सामाजिक वानिकी वन एवं वन्यजीव प्रभाग
मुरादाबाद।

**विषयः** जनपद मुरादाबाद में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, बरेली द्वारा मुरादाबाद–काशीपुर मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग सं.–734) के किमी 00.000 स किमी 39.795 तक संरक्षित 63.5796 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के संबंध में (प्रस्ताव सं. FP/UP/ROAD/150633/2021)।

**संदर्भः** 1. आपका पत्रांक 1114/14–1, मुरादाबाद दिनांक 28.10.2022.
2. प्रभागीय वनाधिकारी, मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर का पत्रांक 1350/मीरजापुर/15 मीरजापुर दिनांक 07.11.2022 (प्रति संलग्न)।

महोदय,

कृपया अपने संदर्भित पत्र सं.–1 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से विषयक वन प्रस्ताव पर आपत्तियां इंगित करते हुए क्षतिपूरक वृक्षारोपण से संबंधित टोपोशीट, जियो मैप, के0एम0एल0 फाईल की 06–06 प्रतियां उपलब्ध कराने हेतु लिखा गया है।

2. उपरोक्त संबंध में प्रभागीय वनाधिकारी, मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर ने पत्र संदर्भ सं.–2 द्वारा अपेक्षित अभिलेख तैयार कर 5–5 प्रतियों में आपको उपलब्ध करा दी गयी हैं, पत्र की प्रति संलग्न है।

3. अतः आपसे अनुरोध है कि विषयक कार्य हेतु प्रभावित हो रहे न्यूनतम संरक्षित वन (63.5796 हे0) के Diversion प्रस्ताव की सैद्धांतिक स्वीकृति (स्टेज–1) हेतु अग्रिम कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

अंतरिक्ष

**(अंतरिक्ष ठाकुर)**
उप प्रबन्धक (तकनीकी)
कृते परियोजना निदेशक

प्रतिलिपि निम्न को सादर सूचनार्थ प्रेषित :

1. क्षेत्रीय अधिकारी-उ.प्र. पश्चिम, भा.रा.रा. प्राधिकरण, लखनऊ।
2. वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0, मुरादाबाद वृत्त, मुरादाबाद।

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर

पत्रांक– 1350/मीरजापुर/15 दिनांक, मीरजापुर, नवम्बर 07 2022

सेवा में,

प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
मुरादाबाद ।

विषय– जनपद–मुरादाबाद में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, बरेली द्वारा मुरादाबाद–काशीपुर मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–734) के किमी0 00.00 से 39.750 तक (संरक्षित वन भूमि किमी0 चैनेज संख्या–0.00 से 38.765 तक ) 63.5796 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के सम्बन्ध मे। प्रस्ताव संख्या–**FP/UP/ROAD/150633/2021** ।

सन्दर्भ–1– कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ का पत्रांक–1113/11–सी, **FP/UP/ROAD/150633/2021**, दिनांक 21.09.2022 ।

2– आपका पत्रांक–782/14–1 दिनांक 14.09.2022 ।

महोदय,

आपके उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा जनपद–मुरादाबाद में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, बरेली द्वारा मुरादाबाद–काशीपुर मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–734) के किमी0 00.00 से 39.750 तक (संरक्षित वन भूमि किमी0 चैनेज संख्या–0.00 से 38.765 तक ) 63.5796 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के सम्बन्ध मे क्षतिपूरक वनीकरण हेतु सकल क्षेत्रफल– 20.24 हे0 तथा शुद्ध क्षेत्रफल–18.00 हे0 अवनत वन भूमि की अपेक्षा की गयी है( जिसका वानस्पतिक घनत्व 0.4 से कम हो) उक्त के क्रम में अपेक्षित अवनत वन भूमि हेतु मीरजापुर वन प्रभाग के विण्ढमफाल रेंज अन्तर्गत **ग्राम–मदनपुर, दॉती क0न0–1 दॉती बीट, शुद्ध क्षेत्रफल–18.00 हे0 अवनत वन भूमि** चिन्हित की गयी है।

उक्त अवनत वन भूमि का अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, आई0टी0, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय में स्थित GIS सेल के माध्यम से फारेस्ट सर्वे ऑफ इण्डिया के साफ्टवेयर पर DSS Analysis कराने के उपरान्त अवनत वन भूमि जिसका वानस्पतिक घनत्व (10–40प्रतिशत) पाया गया। प्रकरण में नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही हेतु अपेक्षित अभिलेख तैयार कर 05 प्रतियों में प्रेषित हैः–

1– 18.00 हे0 अवनत वन भूमि का उपयुक्तता प्रमाण पत्र (लैण्ड सुटेबिलिटी सर्टिफिकेट) ।
2– 18.00 हे0 अवनत वन भूमि पर वृक्षारोपण की परियोजना मय 10 वर्षीय अनुरक्षण सहित (प्रॉक्कलन)।
3– 20.24 हे0 अवनत वन भूमि की हस्ताक्षरित SOI टोपोशीट **(Sol Toposheet)** ।
4– 20.24 हे0 अवनत वन भूमि की हस्ताक्षरित जियो रेफ्रेंसड मैप **(Geo Referenced map)** ।
5– 20.24 हे0 के0एम0एल0 फाइल सी0डी0 सहित **(.kml File)** ।
6– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, आई0टी0,उ0प्र0,लखनऊ का अवनत वन भूमि का DSS Analysis प्रमाण पत्र।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर
प्रभागीय वनाधिकारी
मीरजापुर–वन प्रभाग
मीरजापुर

**संख्या अ/समदिनांक**

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।**

1. मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ ।
2. मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर।
3. वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, सहारनपुर वृत्त, सहारनपुर ।
4. वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद ।

प्रभागीय वनाधिकारी,
मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर
प्रभागीय वनाधिकारी
मीरजापुर–वन प्रभाग
मीरजापुर

Scanned with CamScanner